मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
किसान भवन, 26, अरेरा हिल्स, भोपाल

वेबसाइट - www.mpmandiboard.gov.in
ईमेल आईडी - niyaman.mpsamb@gmail.com

क्रमांक/बोर्ड/नियमन/आवक समीक्षा/2024/34 भोपाल, दिनांक 08/04/2024

प्रति

संयुक्त संचालक

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

आंचलिक कार्यालय - _____ (समस्त) (म प्र)

विषय - **अनुज्ञप्तिधारी प्रसंस्करणकर्ताओं के द्वारा कृषि उपज क्रय एवं प्रसंस्करण की जांच के संबंध में।**

मंडियों के द्वारा प्रतिवेदित आवक जानकारी की समीक्षा में पाया गया है कि कई अधिसूचित कृषि उपजों की मंडी आवक उनके उत्पादन की तुलना में अत्यधिक कम है। विशेषकर ऐसी कृषि उपज, जिनकी प्रोसेसिंग (प्रक्रियण) होती है, की मंडी में आवक में उत्पादन की तुलना में कमी होना, उचित नहीं कहा जा सकता।

2. इस संबंध में प्रबंध संचालक महोदय द्वारा आंचलिक कार्यालय के स्तर से गहन समीक्षा परीक्षण करने के निर्देश दिए गए है जिससे पूर्व में ही सभी आंचलिक अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

3. पुनः निर्देशित किया जाता है कि - आंचलिक कार्यालय के स्तर से अधीनस्थ मंडियों में निम्न बिंदुओं एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं के संबंध में सतत समीक्षा की जाएं -

1. प्रसंस्करणकर्ताओं के द्वारा क्रय मात्रा तथा प्रसंस्कृत उत्पाद की मात्रा,
2. संयंत्र से किए गये परिवहन मात्रा,
3. बिजली खपत,
4. कोयला खपत,
5. अगर सोया या एक्सट्रैक्शन प्लांट है तो हेक्सज़िन आदि सॉल्वेंट की खपत,
6. भुगतान किए गए कर/ जीएसटी,
7. उपरोक्त की तुलना में मंडी शुल्क के भुगतान की स्थिति,
8. अन्य आवश्यक बिंदु,

3. इसमें बिजली कंपनी, वाणिज्यिक कर विभाग/ GST से भी संपर्क किया जाएं।

4. उपरोक्त अनुसार कृत कार्यवाही का साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रति सोमवार को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

08/04/24

(श्रीमन् शुक्ला)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/नियमन/आवक समीक्षा/2024/35 भोपाल, दिनांक 08/04/2024

प्रतिलिपि -

सचिव, कृषि उपज मंडी समिति - _____ (समस्त) (म प्र) की ओर पालनार्थ प्रस्तुत।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल